पुस्तकालय

3097
2/8/10

सत्यमेव जयते

अससंशोधित

23 JUL 2010

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

---

(भाग 1—कार्यवाही—प्रश्नोत्तर)

प्रतिवेदन शाखा
पी०प०पी०सं० 1637 तिथि 02-8-10

चतुर्दश विधान सभा
पंचदश सत्र

शुक्रवार, तिथि २३ जुलाई, २०१० ई०
०१ श्रावण, १९३२ (श)

(कार्यवाही प्रारंभ होने का समय ११ बजे पूर्वाह्न)
(इस अवसर पर अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

अध्यक्ष : अब सभा की कार्यवाही प्रारंभ की जाती है । प्रश्नोत्तर काल ।

प्रश्नोत्तर काल

अध्यक्ष : अल्पसूचित प्रश्न लिये जायेंगे । श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह ।

अल्पसूचित प्रश्न-११ (श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह)

श्री नंदकिशोर यादव, मंत्री : महोदय, १. दवा के संबंध में स्वीकारात्मक है तथा दवाओं के भंडारण के संबंध में आंशिक स्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि दवाओं की मात्रा के अनुरूप..

(व्यवधान)

अध्यक्ष : बैठिये अशोकजी, आपकी कोई बात प्रोसीडिंग में नहीं जा रही है ।

श्री नंदकिशोर यादव, मंत्री : २. आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है ।

अध्यक्ष : माननीय सदस्य, श्री अशोक कुमारजी, आप जो भी कहना चाहते हैं आप प्रस्ताव लाइये आसन उसपर विचार करेगा । आप पहले प्रस्ताव लाईये, आसन उस पर विचार करेगा ।

श्री नंदकिशोर यादव, मंत्री : ३. राज्य के २३ जिलों को ३१,७४,३०० की दर से जिला दवा भंडार बनाने हेतु ..

अध्यक्ष : शांति-शांति, माननीय मंत्रीजी । माननीय सदस्य, आसन नियम और परम्पराओं से बंधा है, सदन के अंदर की कार्यवाही के लिये कार्य संचालन नियमावली है आप उसके अंतर्गत जो भी अपना प्रस्ताव लायेंगे दीजिये, आसन उस पर विचार करेगा ।

(व्यवधान)

श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री : अध्यक्ष महोदय, मेरा इसमें है, १२५वीं सालगिरह कांग्रेस मनाने जा रही है, यह पार्टी आजादी के आंदोलन की भी पार्टी रही है । अब इनका जब नियम कानून और संविधान में कोई आस्था नहीं है तो मुझे हैरत है ।

श्री नंदकिशोर यादव, मंत्री : ३. राज्य के २३ जिलों को ३१,७४,३०० रूपये की दर से जिला दवा भंडार बनाने हेतु ७,३०,०८,९०० रूपये की राशि उपलब्ध करायी गयी है । १६ जिलों में दवा भंडार तैयार हो गया है, ७ जिलों में कार्य प्रगति पर है । वित्तीय वर्ष २०१०-११ में सभी ९ प्रमंडलीय मुख्यालय जिलों यथा पटना, मुजफ्फरपुर, गया, सारण, पूर्णियां, दरभंगा, मुंगेर, भागलपुर एवं सहरसा को मोडर्नाइजेशन ऑफ वेयर हाऊस मद में २५-२५ लाख रूपये का प्रावधान किया गया है ।

४. वस्तुस्थिति उपरोक्त कंडिकाओं में अंकित कर दी गयी है ।

अध्यक्ष : प्रश्न आपका क्या है ?

श्रीमती पूनम देवी यादव : प्रश्न यही है कि वहां पर न तो ड्रेशर हैं, न स्वीपर हैं और डॉक्टर भी नहीं बैठते हैं । हम चाहते हैं कि बलहा में जो अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र है, वहां डॉक्टर को बहाल किया जाय और स्वीपर,नर्स एवं ड्रेशर को तृतीय वर्ग के कर्मचारी का पद रिक्त है, उसको जल्द से जल्द बहाल किया जाय ।

श्री नन्दकिशोर यादव,मंत्री : महोदय, मैंने कहा है कि तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के जो पद वहां सृजित हैं, सब पर बहाल कर दिया गया है । पूनम जी जब घर जायेंगी तो लोग बोलेगा कि सब बहाल किया हुआ है, बहाली कर दिया गया और डॉक्टर को भी कहा है कि एक सप्ताह में दो या तीन दिन लोगों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायें ।

अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मैं पुनः आप सबसे आग्रह करता हूँ कि सदन की गरिमा को बनाये रखने में सहयोग करें । सदन, आसन नियम परम्पराओं से बंधा है। आपसे पुनः आग्रह है कि आप अपने-अपने स्थान पर जाकर बैठें । हमारा सभा सचिवालय आपके साथ हमेशा रहता है और सभा सचिवालय के कर्मचारियों को किसी प्रकार का बाधा न डालें । आप बेल में न रहें, आप अपने-अपने स्थान पर जायं और जो कुछ नियम, परम्परा कार्य संचालन नियमावली के अनुसार आप जो भी प्रस्ताव लायेंगे, सदन उसपर विचार करेगा । आप जायं अपने स्थान पर, आप अपना प्रस्ताव लिखित दें, आसन उसपर विचार करेगा ।

<u>तारांकित प्रश्न सं०-१५० (श्री लाल बाबू राय,स०वि०स०)</u>

श्री नन्दकिशोर यादव,मंत्री : महोदय, उत्तर स्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि ६९४ पदों पर सिनियर रेजिडेन्ट और ट्यूटरों की नियुक्ति की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है ।

**तारांकित प्रश्न संख्या-१५० का पूरक**

श्री लाल बाबू राय : अध्यक्ष महोदय, चूंकि माननीय मंत्री जी ने कहा कि प्रक्रियाधीन है । महोदय, स्थिति यह है कि सीनियर रेजिडेंट के अभाव में कहीं कोई काम नहीं हो पा रहा है । जहां सरकार सचेत है, तो मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि आखिर यह कबतक आपके द्वारा नियुक्ति का कार्य सम्पन्न हो जायेगा ?

श्री नन्द किशोर यादव, मंत्री : महोदय, मैंने अपने उत्तर में प्रक्रियाधीन कहा है, तो मैं बताना चाहता हूँ कि कुल २६ विभागों में नियुक्ति होनी है, उसमें तीन विभाग टी०बी० एण्ड चेस्ट, मनोरोग, दंत विभाग, यह सूची अंतिम रूप से तैयार हो गयी है । अब कुछ ही दिनों में इसके अनुमोदन का कार्य होगा । आठ विभाग की अंतिम सूची तैयार हो चुकी है, शेष १५ विभागों की औपबंधिक सूची तैयार कर बेबसाईट में प्रकाशित करने की कार्रवाई चल रही है । मैं शीघ्रताशिघ्र इस प्रक्रिया को पूरा करके ६९४ डाक्टर के बहाली का काम सम्पन्न करूँगा ।

(व्यवधान)

अध्यक्ष : माननीय सदस्या सुनीला देवी जी, आप अपने स्थान पर जाकर अपने प्रश्न को उठाइए, यह आपके क्षेत्र का विषय है- हथियावां में स्वास्थ्य उप-केन्द्र भवन जर्जर स्थिति में है, उसके संदर्भ में है, यह जनहित का मामला है और आपके क्षेत्र का है । आप अपने स्थान पर जाकर पूछें । आसन चाहता है कि आपके प्रश्न का साकारात्मक सरकार जबाब दे । आप अपने स्थान पर जाइए, वेल से अपने स्थान पर जाइए और वहां से प्रश्न पूछिए । पुनः मैं आपसे आग्रह करता हूँ माननीय सदस्या सुनीला जी कि आप अपने स्थान पर जाकर वहां से अपने प्रश्न को पूछ लें ।

**तारांकित प्रश्न सं०-१५१, माननीय सदस्या श्रीमती सुनीला देवी**

अध्यक्ष : माननीय सदस्या श्रीमती सुनीला देवी ।

(इस अवसर पर माननीय सदस्या श्रीमती सुनीला देवी वेल में)

**तारांकित प्रश्न सं०-१५२, माननीय सदस्य श्री राम सेवक सिंह**

श्री नंदकिशोर यादव, मंत्री : महोदय, वस्तुस्थिति यह है कि अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मीरगंज उचका गांव में महिला चिकित्सक का पद स्वीकृत नहीं है, फिर भी डाक्टर (श्रीमती) सरोज सिंह, चिकित्सा पदाधिकारी को अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मीरगंज उचका गांव में सप्ताह में दो दिन सोमवार और शुक्रवार के लिए प्रतिनियुक्त किया गया है और उक्त केन्द्र में चिकित्सा कार्य कराया जा रहा है ।

**तारांकित प्रश्न सं०-१५३, मा० सदस्य श्री मुरलीधर मंडल**

श्री गिरिराज सिंह, मंत्री : अध्यक्ष महोदय, खंड-१- आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है ।

स्थल का निरीक्षण किया जा चुका है तथा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है । मौर्या मोटर के सामने में बुद्धा मोटर प्राइवेट